# विरासत और विकास के साथ प्रदेश प्रगति पथ पर अग्रसर

**नवभारत न्यूज**

**बैतूल, 19 मार्च. विक्रम संवत 2083 के नव वर्ष प्रतिपदा के अवसर पर विक्रमोत्सव के अंतर्गत जेएच कॉलेज बैतूल में आयोजित कार्यक्रम में केंद्रीय राज्यमंत्री जनजातीय कार्य दुर्गादास उईके मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।**

**जल गंगा संवर्धन अभियान का शुभारंभ**

**कार्यक्रम में अधिकारीगण भी रहे मौजूद**




उन्होंने मां सरस्वती की विधिवत पूजा-अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों द्वारा ब्रह्मध्वज स्थापना एवं वंदना के साथ हुई। इसी अवसर पर जल गंगा संवर्धन अभियान का भी औपचारिक शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में संस्कृति विभाग अंतर्गत मध्यप्रदेश नाट्य विद्यालय, भोपाल के अक्षत वरवड़े एवं उनकी टीम द्वारा महाराजा विक्रमादित्य की न्यायप्रियता और वीरता पर आधारित आकर्षक नाट्य प्रस्तुति दी गई। केंद्रीय मंत्री श्री उईके एवं अन्य अतिथियों ने नाट्य दल का सम्मान किया गया तथा सभी को भारत का नव वर्ष विक्रम संवत पुस्तिका का वितरण किया। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अक्षत जैन, अपर कलेक्टर श्रीमती वंदना जाट, एसडीएम डॉ. अभिजीत सिंह, जिला शिक्षा अधिकारी भूपेंद्र वरकड़े सहित बड़ी संख्या में नागरिक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। केंद्रीय मंत्री दुर्गादास उईके ने सभी नागरिकों को विक्रम संवत नव वर्ष की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भगवान सूर्य का ओज और तेज सभी के जीवन को आलोकित करे तथा सभी राष्ट्र और जनकल्याण में सहभागी बनें। उन्होंने कहा कि कालांतर में विदेशी आक्रांताओं द्वारा भारत की परंपरा और प्रतिष्ठा को क्षति पहुंचाने के प्रयास किए गए तथा हमारे मंदिरों, विश्वविद्यालयों और चिकित्सा पद्धति, काल गणना, वैदिक गणना एवं खगोल विज्ञान जैसी समृद्ध ज्ञान परंपराओं को कमजोर करने का काम किया गया। उन्होंने कहा कि आज प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी और मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में विरासत भी और विकास भी के संकल्प के साथ देश और प्रदेश भौतिक एवं आध्यात्मिक दोनों क्षेत्रों में प्रगति के पथ पर अग्रसर हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने समाज को गौरवशाली इतिहास से जोड़ते हुए उससे प्रेरणा लेकर आगे बढ़ने का मार्ग प्रशस्त किया है। उन्होंने कहा कि यह भारतीय समृद्ध संस्कृति के नवजागरण का समय है तथा विक्रम संवत हिंदू नव वर्ष वैज्ञानिक आधार पर आधारित है।

**जल संरक्षण की दिशा में उल्लेखनीय कार्य**

केंद्रीय मंत्री श्री उईके ने कहा कि जल संकट आज वैश्विक समस्या बन चुका है और भविष्य में जल के लिए संघर्ष की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेशभर में जल संरक्षण एवं संवर्धन के कार्य युद्ध स्तर पर किए जा रहे हैं। जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत बैतूल जिले में उल्लेखनीय कार्य हुए हैं, जिसके लिए जिले को राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित भी किया गया है। उन्होंने बताया कि यह अभियान 19 मार्च से 30 जून तक संचालित किया जाएगा, जिसके तहत ग्राम पंचायतों एवं नगरीय निकायों में जल संरक्षण से संबंधित विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएंगी।

## बारिश : नगर सहित ग्रामों में बारिश के साथ गिरे ओले

**मुलताई।** नगर सहित क्षेत्र के ग्रामों में गुरूवार की दोपहर अचानक बदले मौसम के बाद हल्की बारिश के बीच ओले गिरने के समाचार मिले है। गुरूवार की दोपहर करीब एक बजे से ही मौसम ने अचानक करवट बदली और तेज बुदों के साथ करीब 10 मिनट तक हल्की बारिश हुई जिसके बाद नगर में मौसम साफ हो गया था लेकिन इसके बाद करीब 4 बजे फिर बारिश होने लगी और बीच में करीब 5 मिनट तक चने बराबर ओले गिरे। बताया जाता है इस दौरान प्रभात पटटन ब्लाक के मंगोनाकला, अंभोरी सहित आसपास के ग्रामों में बारिश के साथ ओले गिरें है। बिन मौसम की बारिश एवं ओले गिरने से किसानों के चेहरे पर चिंता की लकीरे दिखाई दे रही है क्योकि कई किसानों के खेतो में गेंहू सहित रबी की फसले खडी हुई है तो कही किसानो ने अपनी फसल कांट खेतो में खरई लगाकर रखी हुई है। बेमौसम की बारिश एवं ओले से फसले खराब होने का अंदेशा बना हुआ है। हालाकि किसानो काटी हुई फसलों को ढाकं कर रखा है लेकिन यदि तेज बारिश होती है तो फसलो के ज्यादा खराब होने की संभावना है।



### एक नजर में

**पार्षद की पहल पर सड़क सुधरी, डस्ट मुरूम डाली**

**आमला।** वार्ड क्रमांक 9 भगत सिंह बस स्टैंड क्षेत्र में खराब सड़क की शिकायत पर नगर पालिका ने कार्रवाई करते हुए रेलवे रेस्ट हाउस से हॉस्पिटल मोड़ तक डस्ट मुरूम डालकर सड़क को दुरुस्त किया। पार्षद कुमारी खुशबू विजय अतुलकर की मांग पर हुए इस कार्य से राहगीरों को आवागमन में राहत मिलेगी। पार्षद ने इस कार्य के लिए नगर पालिका प्रशासन का आभार जताया।

**अज्ञात वाहन ने मारी बाइक को टक्कर 3 घायल**

**मुलताई।** नेशनल हाईवे नागपुर रोड पर गुरुवार दोपहर करीब 2 बजे अज्ञात वाहन ने मार्ग से जा रही एक बाइक को पीछे से टक्कर मार दी जिससे बाइक पर सवार तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए ।बताया जाता है ग्राम सोनतलाई निवासी सुमित्रा पति सुनील उईके (22 वर्ष), रमेश पिता जंगल धुर्वे (30 वर्ष) और सुनील पिता बंदू उईके (25 वर्ष) बाइक से गांव जा रहे थे, इस दौरान एक अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को पीछे से टक्कर मार दी, जिससे तीनो बाइक सहित गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। प्रत्यक्ष दर्शियो द्वारा घटना की सूचना 108 एंबुलेंस को दी। सूचना मिलते ही एंबुलेंस मौके पर पहुंची, जहां ईएमटी महेश झलिये ने घायलों को प्राथमिक उपचार कर पायलट अजाबराब साहू द्वारा तीनों घायलों को नगर के सरकारी अस्पताल मे भर्ती कराया है. जहां घायलों का उपचार जारी है।

**जल का कोई विकल्प नहीं इसे सहेजना पड़ेगा**

**बैतूल।** मुख्यमंत्री के आव्हान पर 19 मार्च से जल गंगा संवर्धन अभियान का शुभारंभ किया गया। यह अभियान मप्र जन अभियान परिषद द्वारा प्रदेशभर में संचालित किया जा रहा है। जो परिषद के उपाध्यक्ष मोहन नागर के मार्गदर्शन में चल रहा है। इसी क्रम में बैतूल विकासखंड अंतर्गत ग्राम कुम्हारिया में प्राचीन कुएं के संरक्षण एवं जनजागरूकता के उद्देश्य से श्रमदान कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम जिला समन्वयक प्रिया चौधरी के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। इस मौके पर प्रस्फुटन समिति कुम्हारिया के अध्यक्ष शिव पारधे ने कहा कि पानी का कोई विकल्प नहीं है इसे सिर्फ सहेजा जा सकता है। कार्यक्रम में प्रस्फुटन समिति कुम्हारिया के अध्यक्ष शिव पारदे, आशू पारधी सहित ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## चिकित्सालय के उमंग केंद्र से शुरू हुआ एचपीवी टीकाकरण

**बैतूल। चैत्र नवरात्र के प्रथम दिवस और अंतर्राष्ट्रीय खुशहाली दिवस के अवसर पर सर्विकल कैंसर से बचाव के लिए एचपीवी टीकाकरण अभियान की शुरुआत करते हुए टीका लगाओ उपहार पाओ योजना शुरू की गई।**



जिला चिकित्सालय स्थित उमंग स्वास्थ्य केंद्र में आयोजित इस कार्यक्रम में पात्र बालिकाओं को टीका लगाने के साथ सम्मान और उपहार भी दिए गए। आनंद विभाग मध्यप्रदेश की राज्य आनंद संस्थान से संबंधित ताप्ती आनंद क्लब और मां शारदा सहायता समिति द्वारा यह अभिनव आयोजन किया गया। कार्यक्रम संयोजक शैलेंद्र बिहारिया ने बताया कि सर्विकल कैंसर के विरुद्ध चलाए जा रहे टीकाकरण अभियान में वर्ष 2011 में जन्मी सभी बेटियां पात्र हैं, वहीं वर्ष 2012 में जनवरी, फरवरी और मार्च में इसी तारीख को जन्मी बालिकाओं को भी पात्र माना गया है। अभियान को गति देने के लिए नवरात्र के दौरान टीका लगाओ उपहार पाओ योजना शुरू की गई है। उन्होंने कहा कि बेटियां देवी शक्ति का स्वरूप होती हैं, इसलिए उन्हें सर्विकल कैंसर से सुरक्षित रखना बहुत जरूरी है। कार्यक्रम की शुरुआत बालिकाओं का तिलक और आरती कर की गई। सुषमा सोनी ने बालिकाओं का सम्मान कर उन्हें टीकाकरण के लिए प्रेरित किया और उपहार भेंट किए। इस दौरान जिला चिकित्सालय की आरएमओ डॉ. रानू वर्मा ने कहा कि टीका लगाओ उपहार पाओ एक अभिनव योजना है जो पात्र बालिकाओं को टीकाकरण के लिए प्रेरित करेगी और यह टीका हर पात्र बालिका के लिए बहुत आवश्यक है।

## जल गंगा संवर्धन अभियान का तीसरा चरण प्रारंभ

**सारनी।** जल गंगा संवर्धन अभियान के तीसरा चरण गुरूवार 19 मार्च को गुढ़ीपड़वा के शुभअवसर से प्रारंभ हुआ। नगर पालिका क्षेत्र में भी जनप्रतिनिधियों ने विधिवत शुभारंभ के बाद श्रमदान कर कुएं की सफाई की. मुख्य नगर पालिका अधिकारी सी.के. मेश्राम ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार मध्यप्रदेश शासन पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग मंत्रालय भोपाल एवं कलेक्टर बैतूल के निर्देशानुसार जल गंगा संवर्धन अभियान प्रारंभ किया गया। गुरूवार को वार्ड 10 छोटा मठारदेव से उक्त अभियान का शुभारंभ हुआ। अभियान में नगर पालिका अध्यक्ष किशोर बरदे, पार्षद भीम बहादुर थापा, प्रवीण सोनी, शिवकली बबलू नरें, गोलू राजपूत, उपयंत्री रविंद्र वराठे की उपस्थिति में अभियान प्रारंभ हुआ। वार्ड स्थित सार्वजनिक कुएं की सफाई की गई। पानी में पड़ी पत्तियां, कचरा निकालकर घास की सफाई की गई। छोटा मठारदेव स्थित कुएं के आस-पास की घास, खरपतवार हटाई गई। अभियान के तहत नगर पालिका क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में स्थित सार्वजनिक कुओं, जलस्त्रोतों की सफाई की जाएगी। इस अवसर पर गुरूस्वामि एरूलू विनय मदने, मुकेश नागले, राजकुमार नागले, राहुल कापसे, विश्वजीत सिंदूर, सौरभ सिंदूर, अजाब पाटिल, अजुन बिंझाड़े, रामरतन मर्सकोले, ओमप्रकाश पंद्राम, राधेश्याम मालवीय, कैलाश बैठे, तिलक सिंह, संतोष गुलबाके समेत अन्य लोग उपस्थित थे।



## अभियान के शुभारंभ पर दिया जल संरक्षण का संदेश

**मुलताई।** प्रदेश सरकार द्वारा चलाए जा रहे तीसरे जल गंगा संवर्धन अभियान का गुरुवार को ताप्ती तट स्थित राम मंदिर मे नगरपालिका अध्यक्ष वर्षा गढेकर, एसडीएम राजीव कहार, तहसीलदार संजय बरैया, सीएमओ वीरेंद्र तिवारी पार्षद महेंद्र जैन,अजय यादव द्वारा किया गया. इस अवसर मां ताप्ती के छाया चित्र पर पुष्पहार अर्पित कर दीप प्रज्वलित किया गया। अतिथियों द्वारा अभियान के तहत नए एवं पुराने जल स्त्रोतों के रख रखाव एवं साफ सफाई कराने एवं समस्त सरकारी भवनो मे वाटर हार्वेस्टिंग कराने,ताप्ती सरोवर के जल स्त्रोतो से अतिक्रमण हटाने की बात कही। इस अवसर पर नपा अध्यक्ष वर्षा गढेकर एवं एसडीएम राजीव कहार नए जल संरक्षण एवं स्वच्छ्ता पर अपने विचारों रखते हुए लोगो को जागरूक किया। वहीं वहीं ताप्ती सरोवर के घाटों सहित शनि तालाब के पास जलस्त्रोतो की साफ सफाई कर जनता को जल संवर्धन का संदेश दिया गया। स्वच्छ्ता अभियान के बाद नगरपालिका अध्यक्ष वर्षा गढेकर, एसडीएम राजीव कहार,तहसीलदार संजय बरैया, सीएमओ वीरेंद्र तिवारी पार्षद महेंद्र जैन द्वारा ग्रीष्मकाल मे लोगो को शीतल पेयजल उपलब्ध कराने के लिए बस स्टैंड पर शहीद स्तम्भ के सामने प्याऊ का शुभारम्भ भी किया।

## सैनिक के परिवार ने किया मां अम्बा का अभिषेक

**मुलताई।** प्रभातपट्टन ब्लाक के ग्राम अमरावती घाट में स्थित श्रद्धालुओं के आस्था का केंद्र प्राचीन अंबा भवानी मंदिर में गुरुवार से चैत्र नवरात्रि उत्सव का शुभारंभ हुआ ।गुरुवार को डेकोरेट ग्रुप के तत्वाधान में नवरात्रि के प्रथम दिन मंदिर में विराजित मां अम्बा भवानी की प्रतिमा का अभिषेक पूजन अनुष्ठान सम्पन्न हुआ ।चैत्र नवरात्र के प्रथम दिवस मंदिर में भक्ति और आस्था का अद्भुत संगम देखने को मिला। इस अवसर पर पंडित राजू जोशी के मार्गदर्शन में ग्राम के निवासी सैनिक के साथ अन्य सैनिकों के परिजनों ने मां अम्बा भवानी का विधि-विधान से अभिषेक पूजन किया। इस अनुष्ठान में अवकाश पर गृह ग्राम आए सैनिक अखिलेश रावन्डे,के साथ ग्राम के निवासी और वर्तमान में अपने पदस्थापना स्थल पर देश की रक्षा में जुटे सैनिक गगन सिंह बघेल, प्रवीण सिंह बघेल ,अनिल अम्बाडकर और सेवानिवृत सैनिक संजय सातपुते और महेंद्र सिंह कुशवाहा के परिवारजनों ने सहभागिता दर्ज कराई ।माता अंबा भवानी की प्रतिमा का जल, दूध एवं पंचामृत से अभिषेक करने के उपरांत आकर्षक श्रृंगार किया गया ।इस अवसर पर सैनिक अखिलेश रावन्डे ने कहा कि माता रानी का अभिषेक करने का सौभाग्य मिलना उनकी विशेष कृपा है और यह अवसर देश के वीर सैनिकों के सम्मान का प्रतीक भी है ।मंदिर के पुजारी वामनराव अम्बाडकर ने बताया कि चैत्र नवरात्र के अवसर पर इस वर्ष डेकोरेट ग्रुप द्वारा तुलजापुर शक्तिपीठ मां भवानी की नगरी से माता रानी के लिए श्रृंगार सामग्री लाई गई है।



## गुड़ी पाडवा पर स्वयं सेवकों ने नागरिकों को तिलक कर दी बधाई

**मुलताई।** गुड़ी पाडवा हिन्दू नव वर्ष डॉ केशव बलिराम हेडगेवार के जन्मदिवस पर गुरुवार को नगर मे राष्ट्रीय स्वयंसेवक द्वारा हाईस्कूल मैदान पर शारीरिक प्रकट उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे स्वयंसेवको ने भाग लिया कार्यक्रम मे अध्यक्षता पिंपरी जी ने की नगर के संघ चालक जयेश संघवी और देवी सिंह मीणा विभाग कार्यवाह मुख्य रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर श्री मीना ने अपने उद्बोधन में कहा नव वर्ष के आरंभ का शुभ दिन गुड़ी पड़वा सामान्य दिनों की तरह नहीं अपितु विशिष्ट दिवस है इसी दिन ब्रह्मा जी ने सृष्टि की रचना आरंभ की। त्रेता युग में प्रभु श्री राम जी का राज्याभिषेक आज ही के दिन हुआ, द्वापर में युधिष्ठिर संवत का आरंभ भी आज ही के दिन हुआ कलयुग में महाराजा विक्रमादित्य द्वारा विक्रम संवत की स्थापना की आज ही हुई, ऋतुराज बसंत का शुभारंभ दिवस भी आज ही है भारतीय पंचांग का आरंभ दिवस तथा नई फसल के घर आने का उत्सव और शक्ति की उपासना का पर्व नवरात्र भी इस दिन से ही आरंभ होता है। वहीं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्थापक डॉक्टर केशव बलिराम हेडगेवार जी का जन्मदिन भी आज ही के दिन हुआ था। संघ शताब्दी वर्ष की गौरव गाथा की झलक में दिखी।

## 18 दिन की हड़ताल के बाद मजदूरों को अधूरा वेतन

**पाथाखेड़ा।** पाथाखेड़ा में फिर दूसरी बार मजदूरों केभड़कने के आसार बढ़ने लगे हैं। महिला मजदूरों के वेतन पर भी शोषण करने के आरोप लगातार लग रहे हैं। उन्हें जबरन डरा धमका कर दुराचार करने वाले ठेकेदारों के खिलाफ लिखित शिकायत पाथाखेड़ा चौकी में दर्ज की गई है। सारनी पाथाखेड़ा क्षेत्र की भूमिगत कोयला खदानों में कार्यरत ठेका मजदूरों की 18 दिनों तक चली अनिश्चितकालीन हड़ताल समाप्त होने के चार दिन बाद भी उन्हें पूरा वेतन नहीं मिल पाया है। इससे मजदूरों में भारी आक्रोश व्याप्त है और प्रशासनिक कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। मजदूरों का आरोप है कि ठेकेदार वर्षों से उनकी मेहनत की कमाई में कटौती कर रहे हैं और अब भी मनमानी जारी है। क्षेत्र में प्रशासन और ठेकेदारों की कथित मिलीभगत की चर्चाएं तेज हो गई हैं। मजदूरों ने बैतूल कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर 7 दिनों में समाधान का आश्वासन प्राप्त किया था, लेकिन जमीनी स्तर पर कोई ठोस कार्रवाई नजर नहीं आ रही। मजदूरों ने गंभीर आरोप लगाते हुए बताया कि उन्हें मिलने वाले 30 से 34 हजार रुपये के वेतन में से 19-20 हजार रुपये तक जबरन वापस लिए जाते हैं। वहीं महिला मजदूरों ने भी दबाव, धमकी और प्रताड़ना के आरोप लगाए हैं। इंकार करने पर काम से हटाने और दूरस्थ भेजने की धमकी दी जाती है। श्रम अधिकारी आशीष गुप्ता की मध्यस्थता में हुए समझौते के बावजूद भुगतान न होना ठेकेदारों की मनमानी को उजागर करता है।



## बैनर से नहीं, अपितु लेखनी से होती है पत्रकार की पहचान : गर्ग

**सारनी।** मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ बैतूल जिला इकाई कार्यकारिणी की बैठक द हिलटाप रेस्टोरेन्ट चक्कर रोड बैतूल में हुआ जिले के वरिष्ठ पत्रकार नवनीत गर्ग एवं इरशाद हिंदुस्तानी का सम्मान मध्य प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ बैतूल जिला इकाई द्वारा किया गया। इस अवसर पर पत्रकारों को संबोधित करते हुए वरिष्ठ पत्रकार नवनीत गर्ग ने कहा कि किसी बडे बैनर से पत्रकार छोटा या बडा नहीं होता है। पत्रकार की लेखनी और खबर से पत्रकार छोटा या बड़ा स्वत: प्रमाणित हो जाता है, खबर छोटी हो या बड़ी अगर सटीक है तो उसका असर और चुभन की कोई सीमा नहीं है इसलिए खबरें पैनी और तथ्यात्मक होनी चाहिए। वहीं वरिष्ठ पत्रकार इरशाद हिंदुस्तानी ने कहा कि आज पत्रकारिता का स्वरूप एकदम बदल चुका है। सोशल मीडिया और डिजिटल युग में सूचना के माध्यम व्यापक हो गए है, इसलिए जल्दबाजी के चक्कर में न पड़ते हुए पाठक को संपूर्ण और सही जानकारी प्रदान करना चाहिए। नगर पालिका अध्यक्ष किशोर बरदे ने कहा कि आज पत्रकारिता एक जोखिम भरा काम है जिसे आप लोग कर रहे है और अपनी खबरों के माध्यम से प्रशासन को जागृत करते रहते है, जोखिम उठाकर आप लोकतंत्र के चौथे स्तंभ की भूमिका का निर्वाह कर रहे है जिसके लिए मैं आपको आपके कार्य को प्रणाम करता हूं। इस मौके पर वरिष्ठ पत्रकार नवनीत गर्ग और ईरशाद हिंदुस्तानी ने रंजीत सिंह के पांचवीं बार मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ के बैतूल जिलाध्यक्ष चुने जाने पर उनका एवं जिला पदाधिकारियों का भी पुष्पमाला पहनाकर अभिनंदन किया। इस अवसर पर श्रमजीवी पत्रकार संघ जिला अध्यक्ष रंजीत सिंह, संभागीय अध्यक्ष अब्दूल रहमान, महासचिव गुणवन्त बबलू चड्डा, उपाध्यक्ष कालीदास चौरासे सहित अन्य पत्रकार मौजूद थे।




**निर्माण** **मुख्यमंत्री अधोसंरचना के तहत विभिन्न वार्डों में किया जा रहा सड़कों का निर्माण**

# अवैध कालोनियो में नगरपालिका करा रही घटिया सड़क निर्माण

**मुलताई।** नगर में नगर पालिका द्वारा अवैध कालोनियों मे शासन के आदेश को ठेंगा बताकर मुख्यमंत्री अधोसंरचना के तहत विभिन्न वार्डो में सड़को का निर्माण किया जा रहा है। जिसमें भारी अनिमितायताए सामनें आ रही है,कहीं कहीं सड़के एक माह में ही उखड़ने लगी है तो कही बिना अर्थवर्क के लिए घटिया सीसी रोड बनाई जा रही है। नियमानुसार उक्त योजना में किसी भी अवैध कालोनियों में निर्माण नही किया जाना था । लेकिन नगर में बनने वाली अंधिकांश सडके अवैध कालोनी में बनाई जा रही है। वही नई बनी हुई सड़के एक माह में उखड़ने लगी है जिसके चलते वार्ड वासियों में भारी असंतोष है। ठेकेदार द्वारा नियमों को ताक पर रखकर घटिया निर्माण किया जा रहा है, जिस पर जनप्रतिनिधियों द्वारा मौन रहकर स्वीकृति द दी जा रही है। जिसका खामियाजा आम जनता को भुगतना पड रहा है। नगर में फव्वारा चौक के नजदीक मस्जिद के सामने मुख्य मार्ग से डॉक्टर बोडखे के दवाखाना तक रोड बनाया गया था जो कि एक माह में ही उखड गया, हालत ये हो गया है कि वहां दुकानदारो को दिन भर धुल झाडना पड रहा है। जिसके बाद भी मौके पर नाही जनप्रतिनिधी पहुच रहे है और नाही नगर पालिका के अधिकारी पहुच रहे है। इस स्थिति को देखकर यह महसुस हो रहा है कि नगर निकाय मात्र रोड बनाकर खाना पुर्ति कर रही है। जिसका सीधा फायदा ठेकेदार को हो रहा है। ठेकेदार अपने अनुसार घटिया निर्माण कार्य कर रहा है। मुख्यमंत्री अधोसंरचना के साथ साथ पेयजल पाईप लाईन का भी कार्य किया जा रहा है । भगतसिहं वार्ड में जारी कार्य के संबध मे उपयंत्री महेश त्रिवेदी ने बताया कि इस सडक का अर्थवर्क कर दिया गया था। जिसके बाद पाईप लाईन बिछाने सड़के खोदी दी गई।



> पाइप लाईन डालने के कारण सडके खुद गई है गुणवत्ता मे सुधार लाने के लिए ठेकेदार को निर्देशित किया जा रहा है।
> **महेश त्रिवेदी उपयंत्री नगर पालिका मुलताई**

**नगर में लगभग साढ़े 4 करोड़ की बनना है सड़क और नाली**

नगर में मुख्यमंत्री अधोसंरचना के अन्तर्गत लगभग 4 करोड के सीसी सडक के कार्य होना है जो कार्य भोपाल की कंपनी तनुष्का कन्ट्रेक्शन को मिला है जिसके द्वारा नगर में विभिन्न वार्डो में सडक एवं नालिया बनाई जाना है। गुरूवार को उक्त कंपनी के द्वारा भगतसिहं वार्ड में सडक का निर्माण किया जा रहा था जिसमें वार्ड वासियो का आरोप है कि सडक का निर्माण घटिया हो रहा है सडक में साथ नालिया बनाई जाना था लेकिन नही बनाई जा रही है जिसमें कारण सडकों का पानी मकानों में घुस रहा है,उनके द्वारा यह भी आरोप लगाया की सड़क में अर्थवर्क नही किया गया है। वही सडक का निर्माण अवैध कालोनी में किया गया है।

## बीजासन मंदिर में 391 अखंड ज्योत प्रज्जवलित

**बैतूल।** बैतूल गंज स्थित बीजासनी माता मंदिर में 19 मार्च 2026 से चैत्र नवरात्र महोत्सव धूमधाम से प्रारंभ हुआ। मंत्रोच्चार के साथ पृथ्वी पूजन, गौरी गणेश पूजन एवं शिव परिवार का पूजन किया गया, स्वस्तिवाचन किया गया, बीजासनी माता के चरणों की स्तुति तथा मंत्रोच्चार के साथ 391 अखंड ज्योत भक्तों द्वारा प्रज्वलित की गई जिसमें घी एवं तेल की ज्योत शामिल हैं। ज्योत प्रज्ज्वलन के उपरांत विधिविधान से पूजन कर घट स्थापना की गई। इस दौरान देवी देवताओं, नवग्रह देवता, नवदुर्गा माता, ईष्ट देवता, ईष्ट देवी, कुलदेवता, कुलदेवी सप्तमातृका माता, सप्तघृत माता, षोडश मातृका माता, चौसठ योगिनी माता, पितृदेवता, ग्राम देवता, गुरु देवता, गौरी गणेश जी, शिव परिवार, लक्ष्मी नारायण भगवान, ब्रह्मा जी, सावित्री माता, गायत्री माता, सुर्यनारायण देवता, काल भैरव देवता सबका आव्हान करके उपस्थित श्रद्धालुओं के द्वारा मां के चरणों में प्रार्थना करवा कर नारियल की भेंट चढ़ाकर मनोकामना पूरी करने हेतु अर्जी लगाई गई जिसके पश्चात माता का आव्हान कर समस्त देवी देवताओं को भोग लगाया गया , आरती की गई। क्षमा प्रार्थना कर प्रसाद वितरित किया गया। मंदिर संस्थापक एवं समिति अध्यक्ष पंडित दीपक शर्मा ने बताया कि प्रतिदिन शाम 7.30 पर महाआरती होगी जिसके पश्चात महाप्रसाद वितरित होगा। 26 मार्च को दुर्गासप्तशती का हवन होगा, 27 को दोपहर 12 बजे से भंडारा होगा एवं 28 मार्च को खेड़ी ताप्ती जी घाट पर घट विसर्जित किए जाएंगे।

